# CH. CHARAN SINGH UNIVERSITY, MEERUT
# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

## सूचना / विज्ञप्ति

पत्रांक : बी0एड0 / 05 / 3675
दिनांक : 01.03.2021

सेवा में,
प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक
समस्त राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित / अल्पसंख्यक
बी0एड0 महाविद्यालय / संस्थान,
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बी0एड0 सत्र 2019–21(द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) के द्वितीय वर्ष के काउंसिलिंग द्वारा एवं अल्पसंख्यक कोटे से प्रवेशित विद्यार्थियों की मुख्य परीक्षा के परीक्षाफार्म तथा 2018–20 (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) के द्वितीय वर्ष के भूतपूर्व छात्रों की परीक्षा एवं बैक पेपर परीक्षा एवं सत्र 2017–19 द्वितीय वर्ष के केवल भूतपूर्व छात्रों के परीक्षाफार्म अधोवर्णित कार्यक्रम के अनुसार भरवाये जाने है। परीक्षा माह जून, 2021 में होनी प्रस्तावित है।

परीक्षाफार्म भरने का कार्यक्रम निम्नवत् प्रस्तावित है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | – | 10.03.2021 |
| 02 | ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जाने की अन्तिम तिथि | – | 25.03.2021 |
| 03 | परिपूर्ण परीक्षाफार्म की हार्डकॉपी महाविद्यालय / संस्थान में जमा कराने की अन्तिम तिथि | – | 27.03.2021 |
| 04 | महाविद्यालय / संस्थानों के द्वारा सत्यापित करने के पश्चात् विश्वविद्यालय के बी0एड0 परीक्षा अनुभाग में परीक्षाफार्म जमा करने की अन्तिम तिथि | – | 31.03.2021 |

उपरोक्त परीक्षा के परीक्षाफार्म उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि के अनुरूप ही विश्वविद्यालय वैबसाईट–**www.ccsuweb.in** पर ऑनलाईन भरकर जमा कराये जायेंगें।

नोट:– 1. समस्त छात्र / छात्राओं के परीक्षा फार्म भरे जाने से पूर्व विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध बी0एड0 (द्विवर्षीय पाठ्यक्रमों) से सम्बन्धित समस्त नियमों का भली–भाँति अध्ययन करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।

2. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक को इस आशय के साथ कि परीक्षाफार्म का सत्र तथा छात्र / छात्राओं की अर्हता की जॉच के उपरान्त ही विश्वविद्यालय में जमा करायें एवं इसी के साथ यह भी सुनिश्चित कर लें कि किसी भी छात्र / छात्रा के द्वारा भरे गये परीक्षाफार्म में तात्विक अनियमितता / काल्पनिक एंव कूटरचित तथ्य पाये जाने पर सम्बंधित छात्र / छात्रा एंव महाविद्यालय / संस्थान स्वयं उत्तरदायी होंगे।

3. परीक्षा फार्म के साथ सभी विद्यार्थियों के पत्राजात की हार्ड कॉपी जमा कराये एवं नोमिनल रोल लिस्ट विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के समय महाविद्यालय / संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कम्प्यूटर एजेन्सी द्वारा बनायी गयी ऑन लॉइन नॉमिनल रोल लिस्ट जो संस्थान के पोर्टल पर प्रेषित की गयी है केवल वही जमा होगी, संस्थान द्वारा अपने स्तर से निर्मित की गयी नहीं।

4. विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी विद्यार्थी एक साथ दो वर्षो (एक भूतपूर्व छात्र के रूप में तथा एक मुख्य परीक्षा के रूप में) के परीक्षा फार्म न भरे अन्यथा की स्थिति में विद्यार्थी का परीक्षाफार्म निरस्त कर दिया जायेगा।

5. री–बैक (Re-Back) परीक्षा फार्म किसी भी स्थिति में मान्य नही होगा।

2-3-21

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01 प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित समस्त महाविद्यालय / संस्थान सम्बद्ध चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ इस आशय के साथ प्रेषित की उक्त सूचना से अपने महाविद्यालय / संस्थान के विद्यार्थियों को अवगत कराने का कष्ट करें।
02 सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
03 सचिव प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति जी के सूचनार्थ।
04 संकायाध्यक्ष शिक्षा, चौ0चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05 वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक के सूचनार्थ।
06 वैयक्तिक सहायक ,कुलसचिव को कुलसचिव के सूचनार्थ।
07 वित्त अधिकारी को सूचनार्थ।
08 सहा0 कुलसचिव(गोपनीय) को इस आशय के साथ प्रेषित कि लिखित परीक्षाओं से पूर्व समस्त प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
09 प्रभारी अतिगोपनीय / सामान्य भण्डार।
10 विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे छात्र हित में यह सूचना समस्त समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशित कराने की व्यवस्था करें।
11 वि0वि0 द्वारा अधिकृत एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षाफार्म भली– भाँति जाँच कर नियमानुसार भरवायें।

02/03/21

सहा0 कुलसचिव (बी0एड0 परीक्षा)

01-3-21